**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 28-07-2006**
**Participants : Suman Shri Ramji Lal,Singh Kunwar Rewati Raman,Malhotra Prof. Vijay Kumar**

an>

Title : Reported breach of security at the PM's residence.

**श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद)** : अध्यक्ष महोदय, कल शाम को जब प्रधानमंत्री जी के निवास 7, रेसकोर्स रोड पर मंत्रिमंडल की बैठक हो रही थी तो उस समय वहां एक कार आई, जिसमें एक लड़का और दो लड़कियां थीं।...(व्यवधान)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली)** : अध्यक्ष महोदय, कोई मिनिस्टर नहीं बैठा है, इसका जवाब कौन देगा? ...(व्यवधान) The Home Minister should have made a *suo motu* Staement

**अध्यक्ष महोदय** : ऐसे नहीं होता। Prof. Malhotra, I would also allow you to speak on this matter.

... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: But there is a Cabinet Minster here, and other Ministers are also present here. You know the functioning of the Government. It is a Cabinet system of Government.

**श्री रामजीलाल सुमन** : अध्यक्ष महोदय, उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि हमें प्रधानमंत्री जी से मिलना है। इनका प्रधानमंत्री जी से मिलने का समय निश्चित था या नहीं था, प्रधानमंत्री जी से मिलने जाने वालों के नाम क्या हैं, कार का नम्बर क्या है, बगैर इसे देखे उन्हें अंदर जाने दियÉÉ[R24]।

अध्यक्ष महोदय, प्रश्न इस बात का नहीं है कि वे कहां से आए थे और उस गाड़ी का नंबर क्या था, सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस सदन में और सदन के बाहर देश की आन्तरिक सुरक्षा के सवाल पर चिन्ता व्यक्त की जा रही है और पूरा देश इससे चिन्तित है और ऐसे समय में जब प्रधान मंत्री निवास पर कैबीनेट सुरक्षा समिति की बैठक हो रही हो, तब प्रधान मंत्री आवास पर कोई आतंकवादी घटना हो जाए, तो क्या होता ? ऐसी स्थिति में प्रधान मंत्री आवास भी सुरक्षित नहीं है। कोई भी व्यक्ति प्रधान मंत्री आवास में यह कह कर चला जाए कि हमारा प्रधान मंत्री से मिलने का समय और सुरक्षाकर्मी उसे जाने दें और गाड़ी जब वहां से वापस चली गई, तब वे चेते और प्रधान मंत्री आवास से 3-4 किलोमीटर दूर आई.एन.ए. मार्केट के पास जाकर उस गाड़ी को पकड़ा गया, लेकिन प्रधान मंत्री कार्यालय से जस्टीफाई कर दिया गया कि सुरक्षा में कोई चूक नहीं थी। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: All right, you have raised it. You have very pertinently raised it.

**श्री रामजीलाल सुमन** : अध्यक्ष महोदय, यह बहुत गम्भीर सवाल है। मैं इस दृटि से पूछना चाहूंगा कि जब पूरा देश सुरक्षा इंतजामों को लेकर चिन्तित है, तो उस कार में कौन आया था और किस प्रकार वह कार दो सुरक्षा चक्रों को भेद कर अंदर चली गई ? यदि इसी प्रकार से कहीं आतंकवादी अंदर चले जाते तो प्रधान मंत्री आवास की क्या स्थिति होती, इस पर विचार करें। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि तथ्यों की जांच किए बिना प्रधान मंत्री कार्यालय से वक्तव्य जारी कर दिया गया कि सुरक्षा में कोई चूक नहीं थी। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि इस घटना के बारे में प्रधान मंत्री अथवा गृह मंत्री वक्तव्य दें और पूरे देश को बताएं कि वस्तुस्थिति क्या है ?

अध्यक्ष महोदय, यह सवाल इसलिए भी गम्भीर है क्योंकि प्रधान मंत्री आवास पर कैबीनेट सुरक्षा समिति की बैठक हो रही थी इसलिए वहां मीडिया मौजूद था। अतः मीडिया के माध्यम से यह खबर तत्काल पूरे देश में फैल गई। यदि मीडिया नहीं होता, तो शायद इस खबर को दबाने

के भी प्रयास होते। इसलिए मेरा निवेदन है कि प्रधान मंत्री इस सवाल पर वक्तव्य दें और देश को बताएं की वस्तुस्थिति क्या थी ?

**श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) :** अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य, श्री रामजी लाल सुमन ने काफी विस्तार से बता दिया है। मुझे यह कहना है कि देश में मुम्बई और दिल्ली में आतंकवादी घटनाएं घट चुकी हैं और ऐसी ही घटनाएं देश के अन्य भागों में घटित हो रही हैं जिनसे पूरा देश चिन्तित है। प्रधान मंत्री आवास पर तीन घेरों का सुरक्षाचक्र है। तीन बैरीकेड में से वह गाड़ी दो बैरीकेड को पार कर के प्रधान मंत्री आवास पर चली गई। उस समय प्रधान मंत्री आवास पर कैबीनेट सुरक्षा कमेटी की बैठक चल रही थी और लगभग 12 मंत्री वहां मौजूद थे। ऐसे में उस कार में तीन लोग वहां पहुंच गए। मैं जानना चाहता हूं कि वे कौन थे, उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने क्यों अंदर जाने दिया और प्रधान मंत्री कार्यालय से ऐसा क्यों कह दिया गया कि कोई घटना नहीं हुई ?

मान्यवर, यह बहुत गम्भीर बात है। मेरा निवेदन है कि आप चेयर से निर्देश देने की कृपा करें कि इस बारे में सरकार सदन में पूरी स्थिति स्पट करे। मैं मीडियाकर्मियों का भी धन्यवाद अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने तुरन्त इस खबर को टी.वी. के अनेक चैनलों के माध्यम से प्र ासारित कर दिया। यह बहुत आश्चर्यजनक स्थिति है कि जैसे ही यह समाचार देश भर में टी.वी. चैनलों के माध्यम से गया, प्रधान मंत्री कार्यालय से कह दिया गया कि ऐसी कोई घटना नहीं घटी। यह बड़ी चिन्ताजनक बात है। मेरा निवेदन है कि गृह मंत्री जी इस बारे में सदन में वक्तव्य दें।

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा** : अध्यक्ष जी, मैं जानना चाहता हूं कि जब प्रधान मंत्री कार्यालय ने यह कहा कि सुरक्षा में कोई खामी नहीं थी और कोई ऐसी बात नहीं हुई, तो फिर उन्हें क्यों पकड़ा गया, गिरफ्तार किया गया और जेल में रखा गया ? यह खबर मीडिया द्वारा दिए जाने के बाद, यह कार्रवाई की गई, अन्यथा संभवतः कोई कार्रवाई नहीं होती।

अध्यक्ष महोदय, हमारे दो प्रधान मंत्री आतंकवाद के शिकार हो चुके हैं और प्रधान मंत्री आवास की सुरक्षा में इस प्रकार की खामी होना बहुत गम्भीर बात है। मुझे तो यह अंदाजा था कि गृह मंत्री जी स्वयं यहां आएंगे और इस घटना के बारे में सदन में सुओमोटो स्टेटमेंट देंगे और सारे देश को कॉन्फीडेंस में लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि कम से कम देश को बताया तो जाए कि आखिर क्या हुआ, यह घटना कैसे घटी, प्रधान मंत्री आवास पर उस कार में आने वाले कौन थे ?

अध्यक्ष महोदय, चिदम्बरम जी यहां बैठे हुए हैं। कैबीनेट मिनिस्टर हैं। वे बताएं कि क्या प्रधान मंत्री आवास की सुरक्षा में कोई खामी थी, यदि खामी नहीं थी, तो उन्हें क्यों अरैस्ट किया गया, एप्रीहेंड किया गया और बन्द किया गया ? तथ्यों को बिना वैरीफाई किए, कैसे पी.एम.ओ. से कह दिया गया कि सुरक्षा में कोई खामी नहीं थी। प्रधान मंत्री आवास की सुरक्षा का जब यह हाल है, तो आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि अन्य स्थानों की स्थिति कैसी होगी।

MR. SPEAKER: Rest of the matters will be taken up at 6 p.m.

… (*Interruptions*[m25])

**श्री रामजीलाल सुमन** : अध्यक्ष महोदय, लीडर ऑफ दि हाउस आ गये हैं। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Nothing will be on record. I called Shri Sontosh Mohan Dev.

*(Interruptions)* …*

**अध्यक्ष महोदय :** आप 6 बजे बोलेंगे।

* Not Recorded